MP Board Class 6th Social Science Solutions Chapter 23 जिला प्रशासन

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए –
(अ) जिला प्रशासन का मुखिया क्या कहलाता है ?
उत्तर:
जिला प्रशासन का मुखिया कलैक्टर या जिलाधीश कहलाता है।

(ब) जिले में स्थापित महत्वपूर्ण दो विभागों के नाम बताइए।
उत्तर:

- शिक्षा विभाग
- पुलिस विभाग।

(स) राज्य को जिलों व तहसीलों में क्यों बाँटा गया है ?
उत्तर:
प्रशासन को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए | राज्य को जिलों और तहसीलों में बाँटा गया है।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –
(अ) कलैक्टर के कोई चार प्रमुख कार्य लिखिए।
उत्तर:
जिले का सबसे बड़ा अधिकारी जिलाधीश या कलैक्टर होता है जिलाधीश के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं

- जिले में कानून व व्यवस्था बनाए रखना।
- जिले की मालगुजारी (भूमिकर) वसूल करना।
- भूमि सम्बन्धी सभी झगड़ों का निपटारा करना।
- बाढ़, सूखा आदि प्राकृतिक संकटों के समय बचाव एवं सहायता कार्य करना।
- नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात आदि की सुविधाएँ प्रदान करना।
- जिले में चुनावों की व्यवस्था करना।
- जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की स्थानीय संस्थाओं के कार्यों का निरीक्षण करना।
- जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना।
- जनता को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ उपलब्ध कराना आदि।

(ब) दीवानी मामले क्या हैं ? इनका निपटारा किस न्यायालय द्वारा किया जाता है ?
उत्तर:
जमीन-जायदाद, रुपये-पैसे आदि लेन-देन सम्बन्धी विवाद दीवानी मामले कहलाते हैं। इनकी सुनवाई दीवानी न्यायालयों में होती है।

(स) फौजदारी मामले क्या हैं ? इनका निपटारा किस न्यायालय द्वारा किया जाता है ?
उत्तर:
चोरी, मारपीट, हत्या आदि मामले फौजदारी मामले कहलाते हैं। इनकी सुनवाई फौजदारी न्यायालयों में होती है।

(द) शिक्षा के पर्यवेक्षण के लिए जिले में क्या व्यवस्था है ?
उत्तर:
शिक्षा के पर्यवेक्षण के लिए जनशिक्षा केन्द्र, जनपद शिक्षा केन्द्र तथा जिला शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की गई है।

प्रश्न 3.
सही जोड़े बनाइए

	'क'	'ख'
(i)	शिक्षा विभाग	(अ) सब इन्सपेक्टर
(ii)	राजस्व विभाग	(ब) चिकित्सक
(iii)	पुलिस विभाग	(स) नायब तहसीलदार
(iv)	चिकित्सा विभाग	(द) सहायक यंत्री
(v)	सिंचाई विभाग	(य) विकास खंड शिक्षा अधिकारी

उत्तर:
(i) (य) विकास खंड शिक्षा अधिकारी
(ii) (स) नायब तहसीलदार
(iii) (अ) सब इन्सपेक्टर
(iv) (ब) चिकित्सक
(v) (द) सहायक यंत्री

https://www.evidyarthi.in/